तापमान
अधिकतम 21.5 डिग्री
न्यूनतम 3.1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 29 जनवरी 2024


11 समाज निर्माण में मां की सबसे अहम भूमिका हर महिला ...



12 रोहतक पहुंचे सीएम मनोहर लाल कार्यकर्ताओं ..




# SANSKARAM UNIVERSITY
PATAUDA| JHAJJAR

Approved under UGC2F of the U.G.C (Act 1956) Established Under Haryana pvt. Universities (Act.2006)

सम्मानित अभिभावाकगण एवं प्रिय विद्यार्थियों,

संस्कार, शिक्षा और सफलता वह मूलमंत्र है जिसके माध्यम से ही व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास संभव है। आज के इस प्रतिस्पर्धी युग में विद्यार्थियों का केवल शैक्षणिक क्षेत्र में निपुण होना मात्र काफी नही है बल्कि विद्यार्थियों का कम्युनिकेशन स्किल्स, इंटरपर्सनल स्किल्स एवं सबसे महत्वपूर्ण है राईट गाइडेंस और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का अनुभव। संस्कारम यूनिवर्सिटी में हम यह सुनिश्चित करते हैं की नई शिक्षा नीति के अनुरुप मल्टीडिसिप्लिनरी इंटीग्रेटेड शिक्षण वातावरण विद्यार्थियों को मिले जो उन्हें आज की इंडस्ट्री जरूरत के अनुसार तैयार कर सके और रोजगार के अवसर मुहैया प्रदान करने के साथ-साथ दुसरों को भी रोजगार प्रदान कर पाए और साथ ही भारतीय संस्कृति और संस्कारों को भी सहेज कर रखे।

*डॉ. महिपाल (चेयरपर्सन, संस्कारम यूनिवर्सिटी)*




ONE WORLD, ONE HEALTH




STATE OF ART INFRASTRUCTURE WITH WORLD CLASS FACILITIES


VETERINARY HOSPITAL


IVF LAB & RESEARCH CENTER


GIRLS HOSTEL


BOYS HOSTEL

## संस्कारम यूनिवर्सिटी

एवं **हॉस्पिटल व ट्रामा सेंटर**

झज्जर का उदघाटन, मुख्य अतिथि

**महामहिम श्री बंडारू दत्तात्रेय**

माननीय राज्यपाल, हरियाणा के कर कमलों द्वारा

**श्री कंवरपाल गुर्जर**

माननीय शिक्षा मंत्री, हरियाणा सरकार

की अध्यक्षता में

**श्री ओमप्रकाश धनखड़**

राष्ट्रीय सचिव, भाजपा

**महंत बाबा बालकनाथ योगी जी**

माननीय विधायक, तिजारा (राजस्थान) एवं कुलाधिपति,बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक

**सोमवार, 29 जनवरी 2024**

को प्रात: 11 बजे पटौदा, झज्जर में किया जाएगा।

संस्कारम ग्रुप के समस्त अधिकारीगण, समस्त स्टाफ एवं छात्रगण इस पुनीत अवसर पर आपको सादर आमंत्रित करते हैं।

### COURSES OFFERED

**LAW & LEGAL STUDIES**
LLB • BBA LLB • BA LLB • BLS • LLM

**VETERINARY & ANIMAL HUSBANDRY**
B.V.Sc & AH • VLDD

**MANAGEMENT & COMMERCE**
BBA(H) • BCA(H) • B.Com(H) • MCA • MBA

**MEDICAL & ALLIED SCIENCE**
B. Pharmacy • D.Pharmacy

**Agriculture** - B.Sc (Hons)

**BASIC & APPLIED SCIENCE**
**B.Sc** (H) Med. & Non Med • **B.Sc** (H) Computer Sci., Zoology, Botany, Forensic, Physics, Chemistry, Maths
**M.Sc** : Zoology, Botany, Forensic, Physics, Chemistry, Maths


**LIBERAL EDUCATION**
BA(Hons)Eng • BA(Pass) • MA English, Maths

**VOCATIONAL COURSES**
BMLT(Bechelor in Med. Lab. & Tech.) • YOGA • MUSIC

**SANSKARAM PUBLIC SCHOOL**
NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar (HR)
Call : +91 8222889860 | +91 8222889862

**SANSKARAM INTERNATIONAL SCHOOL**
NH.71, Pataude, Near Kulana, Jhajjar ( Haryana)
Call : +91 9053007801 | +91 9053007802

**SANSKARAM UNIVERSITY**
Near N.H - 71, Pataude, Delhi - NCR, Jhajjar ( Haryana) Call : +91 8397970811 | +91 8397970812
www.sanskaramuniversity.Com infosanskaram@gmail.com

INDUS PUBLIC SCHOOL ROHTAK

ROHTAK'S MEGA SCHOLARSHIP TEST
Grades 1st to 11th
FEBRUARY 04 (SUNDAY) 2024
Get Upto 100% Scholarship
No Admission Fee
No Annual Charges
Sibling Offers
APPLY NOW LIMITED SEATS
At INDUS Every Student Shines, Transforming Education, Building Future of every child
100% CBSE Results
SCAN ME FREE REGISTRATION
+91 99929 00574 | +91 99929 00573
SENIOR WING - Dehli Road, Rohtak, Haryana
JUNIOR WING - 96-A Model Town (Subhash Nagar, Rohtak)

## शहर में आज

- एमकेजेके कॉलेज में एनएसएस शिविर सुबह 10 बजे से
- मदवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च द्वारा कार्यशाला स्वराज सदन में सुबह 9.45 बजे से
- छोटूराम चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- तहसील कार्यालय में पटवारियों का धरना जारी रहेगा सुबह 10 बजे से
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की बैठक सुबह 11 बजे से
- डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा पीजीआई के फार्मेसी कॉलेज में सेमिनार और हैंड्स आन ट्रेनिंग

## खबर संक्षेप

### नेत्र जांच शिविर में 125 लोगों की जांच

**रोहतक** । सुखपुरा चौक पर रविवार को आंखों की जांच के लिए कैंप लगाया गया। इसमें 125 लोगों की जांच की गई। कैंप का उद्घाटन पूर्व मेयर और भाजपा नेता रेणू डाबला ने किया। आई स्पेशलिस्ट डॉ. एसपीएस भाटिया ने बताया कि सुखपुरा चौक के पर सुबह 10 से 2 बजे आधुनिक मशीनों की मदद से 125 लोगों जांच की गई।

### मदविः आज शुरू होगी पांच दिवसीय वर्कशॉप

**रोहतक**। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च 29 जनवरी से 2 फरवरी तक- एडवांस्ड स्टैटिस्टिकल टूल्स एंड मैथेड्स इन रिसर्च कार्यशाला का आयोजन करेगा। इमसार निदेशक प्रो. सत्यवान बरोदा ने बताया कि कार्यशाला 29 जनवरी को प्रातः 9.45 बजे से प्रारंभ होगी।

### फार्मेसी कॉलेज में सेमिनार आज से

**रोहतक**। डिसीप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा 29 व 30 जनवरी को फार्मेसी कॉलेज में एक सेमिनार/ हैंड्स आन ट्रेनिंग का आयोजन करवाया जाएगा।

# रोहतक पहुंचे सीएम मनोहर लाल कार्यकर्ताओं को दिए चुनावी टिप्स

**फैमिली आईडी और प्रॉपर्टी टैक्स की रिपोर्ट ली**

## गरीबों के अधिकारों की सुरक्षा कर रहा परिवार पहचान पत्र: मुख्यमंत्री

- कहा- अन्य राज्य भी इस योजना का कर रहे अनुकरण
- गणतंत्र दिवस की झांकी में दिल्ली में योजना का प्रदर्शन
- भाजपा सुचिता व शुद्धता के आधार पर देती है समर्थन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि हरियाणा की परिवार पहचान पत्र योजना की पूरे देश में सराहना हो रही है। मुख्यमंत्री रविवार देर सांय सिंचाई विश्राम गृह में पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर रिपोर्ट ली और कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए। साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए। सीएम ने कहा कि हरियाणा के परिवार पहचान पत्र योजना की चर्चा देश व दुनिया में हो रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना की लोकप्रियता को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस बार 26 जनवरी की झांकी में परिवार पहचान पत्र का निमंत्रण दिया ताकि पूरी दुनिया को गरीबों के उत्थान की योजना की जानकारी मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य राज्यों की सरकारें भी परिवार पहचान पत्र को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में इस योजना को लागू करने की प्रक्रिया आरंभ की थी।

परिवार पहचान पत्र को पुअर पीपल प्रोटेक्शन पत्र बताते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह योजना गरीबों के अधिकार सुरक्षित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से पात्र लोगों के परिवारों को घर बैठे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत विभिन्न प्रमाण पत्र भी लोगों को आसानी से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में सेवाएं योजना का लाभ देने के लिए कमीशन एजेंट सक्रिय थे। परिवार पहचान पत्र ने अब यह गोरख धंधा समाप्त कर दिया है।

### ट्यूबवेल के 70 हजार कनेक्शन देंगे

सौर ऊर्जा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के अधिक प्रयोग से थर्मल ऊर्जा से छुटकारा मिल जाएगा। सौर ऊर्जा के सभी विकल्पों का अधिक से अधिक उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुसुम योजना के तहत सरकार ने अब तक 50 हजार ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए है। आने वाले समय में 70 हजार कनेक्शन और दिए जाएंगे। इसी प्रकार से किसानों को बिजली पर सब्सिडी दी जा रही है। सरकार इसके लिए बिजली निगम को करोड़ों रुपए की अतिरिक्त राशि जारी करती है।

### इंडिया गठबंधन जनता के साथ धोखा

एक अन्य सवाल के जवाब में मनोहर लाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन जनता के साथ धोखा है। विभिन्न राज्यों में यह गठबंधन समाप्त होता जा रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गठबंधन के मामले में भाजपा की नैतिकता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सुचिता और शुद्धता के आधार पर ही किसी दल को सत्ता बनाने में अपना समर्थन देती है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, हरियाणा के पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर राजकुमार कपूर, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, मेयर मनमोहन गोयल, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, सुरेश किराड़, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, नरेंद्र वत्स, राजकुमार शर्मा, आशा शर्मा, रमेश भाटिया, ओमप्रकाश बागड़ी के अलावा उपायुक्त अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग, अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त राकेश सैनी, तहसीलदार मनोज अहलावत आदि मौजूद थे।



**रोहतक।** महिला हॉकी की टीम के साथ महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू ) खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग। फोटो : हरिभूमि

## इंटर कॉलेज महिला हॉकी में एमडीयू ने कॉलीकट यूनिवर्सिटी को हराया

**रोहतक।** इंटर कॉलेज महिला हॉकी में रविवार को एमडीयू रोहतक ने कालीकट यूनिवर्सिटी को 6-0 से हराया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू ) खेल निदेशक प्रो. आरपी गर्ग ने बताया कि टीम ने पहले हाफ में 4-0 की बढ़त बनाई और दूसरे हाफ में 2 और गोल करके 6-0 से यह मुकाबला जीत लिया। सुमिता ने 2, गरलंका, कीर्ति, अलका और तन्नू ने एक एक गोल किए। प्रो. गर्ग ने कहा कि एमडीयू महिला हॉकी की गत वर्ष खेलो इंडिया और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी विजेता है। रोहतक ने पहला मैच खेला। प्रतियोगिता सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी में 3 फरवरी तक खेली जाएगी।

## मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बेडवा प्रथम

**रोहतक।** मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यकरण प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बेडवा खंड महम ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है।जानकारी देते हुए वरिष्ठ प्रवक्ता खजान सिंह बड़वड़ ने बताया कि विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर एक लाख रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक तकदीर सिंह दलाल के कुशल नेतृत्व में विद्यालय के गलियारों के नाम दशरथ मांझी जैसे महापुरुषों के नाम पर रखकर विद्यालय के सौंदर्य को चार चांद लगा दिए तथा फुलवाड़ी की व्यवस्था करवाई। यहां पर विभिन्न प्रजाति के फूल एवं औषधिय गुणों से युक्त पेड़ पौधे तथा स्टूडेंट एक्टिविटी कॉर्नर, सौंदर्य को चार चांद लगा रहे हैं। विद्यालय में किचन गार्डन तैयार करवाया तथा बच्चों के लिए खेलकूद का कॉर्नर तथा लाइब्रेरी की व्यवस्था तथा स्मार्ट क्लास रूम की व्यवस्था भी कार्रवाई। इस उपलब्धि पर समस्त ग्राम पंचायत, विद्यालय प्रबंधन समिति, खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल आदि ने बधाई दी है।







## हरियाणा सिविल डेंटल सर्जन संगठन के अध्यक्ष बने डॉ. रमेश पांचाल

**रोहतक।** एक निजी होटल में हरियाणा स्टेट डेंटल एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग हुई। इसमें नई स्टेट बॉडी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। डिप्टी सिविल सर्जन डेंटल जींद डॉ. रमेश पांचाल को अध्यक्ष, डॉ. दीपक चिकारा, सिविल हॉस्पिटल पंचकूला को महासचिव, डॉ. कपिल शर्मा उप मंडल नागरिक अस्पताल नरवाना को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रमेश पंचल ने बताया कि डेंटल कैडर को तीनों एसीपी 2008 व 2009 से लंबित हैं। इसे लेकर सिफारिश की जाएगी। जल्द ही वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से लिकर लंबित मांगों को रखेंगे।

## कर वसूली के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने शुरू की वन टाइम सेटलमेंट योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा आबकारी व कराधान विभाग द्वारा कर वसूली को लेकर वन टाइम सेटलमेंट योजना की शुरुआत की गई है। पंजीकृत व्यापारी और उद्योगपति 30 मार्च तक योजना का लाभ उठा सकते हैं। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से संबंधित मामलों को निपटाने के लिए यह योजना शुरू की गई है। व्यापारियों व उद्योगपतियों के बकाया टैक्स से जुड़े मामलों को निपटाने के लिए विभाग द्वारा ओटीएस योजना के तहत छूट दी गई है। योजना के तहत जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से सम्बन्धित मामलों को निपटाने के लिए चार श्रेणियों के तहत ब्याज में छूट दी गई है। योजना में स्वीकृत कर के तहत 100 % टैक्स का भुगतान करने पर ब्याज पूरी तरह से माफ हो जाएगा। इसी प्रकार से विवादित कर के तहत 50 लाख रुपए तक की कर राशि का 30 प्रतिशत व 50 लाख से उपर की राशि में 50 % कर का भुगतान करने पर ब्याज व दंड राशि शून्य हो जाएगा।

### 30%टैक्स राशि जमा करने पर ब्याज राशि शून्य

उपायुक्त ने बताया कि अंतरीय कर के तहत 30 प्रतिशत टैक्स राशि जमा करने पर ब्याज राशि शून्य हो जाएगी। इस योजना के तहत व्यापारी और उद्योगपति 30 मार्च तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर लाभ उठा सकते हैं।

**पुलिस के आने पर फरार हुए आरोपी, वारदात सीसीटीवी में हुई कैद**

## व्यापारी पर बिट्टों से नकाबपोश युवकों ने किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





योगेश एवं सीसीटीवी में कैद वारदात

सोनीपत रोड पर रामगोपाल कॉलोनी में एक व्यापारी पर हमलावरों ने बिट्टों के साथ जानलेवा हमला किया गया। इस दौरान नकाबपोश काफी दूर तक पीड़ित से मारपीट कर उसके पीछे दौड़ते रहे। पुलिस की गाड़ी आई और पुलिस ने पीड़ित का बचाव किया। इस दौरान आरोपी फरार हो गए। वारदात से ईलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। व्यापारी का कहना है कई दिन से कोई व्यक्ति उनकी रेकी कर रहा है। गाड़ी का पीछा किया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना अर्बन एस्टेट पुलिस को दी शिकायत में योगेश निवासी वार्ड नम्बर 6 महम ने बताया कि उसने रोहतक में बांके बिहारी पेंट एंड सैनेटरी स्टोर के नाम से इंद्रप्रस्थ गेट नम्बर एक के सामने राम गोपाल कालोनी में दुकान की हुई है। 27 जनवरी को वह अपने घर से सहायक कर्मी मनीष निवासी वार्ड न 9 के साथ अपनी गाड़ी में रोहतक आया। वह सुबह गाड़ी से सामान उतार रहा था। जैसे ही वह गाड़ी लॉक करने लगे तो छह से सात लोगों ने अपने हाथों में लिए बिट्टो से हमला कर दिया। वह जान बचाने के लिए भागा। आरोपी उसके पीछे भागने लगे। उन्होंने नकाब पहना हुआ था। योगेश का कहना है कि उसकी किसी के साथ कोई रंजिश भी नहीं है। ऐसे में उस पर किसने हमला किया, अभी कहना मुश्किल है। उसने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

**रोष** चार महीने का बकाया मानदेय देने की मांग

## मांगों को लेकर मिड-डे मील वर्कर्स ने आवाज बुलंद की, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चार महीने से बकाया मानदेय का भुगतान न करने से नाराज मिड डे मील वर्कर ने तहसीलदार मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही 16 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल में भागीदारी करने का निर्णय भी लिया। इससे पहले मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा (सीटू) रोहतक ब्लॉक की आम सभा ब्लॉक प्रधान राजबाला की अध्यक्षता में मानसरोवर पार्क में हुई। मिड डे मील वर्कर यूनियन की प्रदेश सचिव रीना और सीटू जिला सहसचिव प्रकाशचंद्र ने कहा सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा मात्र एक छलावा है।

मिड डे मील वर्करों को समय पर मानदेय नहीं मिलता। वर्कर्स 12 महीने काम करती हैं और सरकार की तरफ से मानदेय 10 महीने का मिलता है। नई शिक्षा नीति के नाम पर सरकारी स्कूली व्यवस्था का भट्ठा बिठाया जा रहा है। मर्जर के नाम पर लगभग 5000 सरकारी स्कूल पिछले 5 वर्षों में बंद हो चुके हैं। जिसके कारण लगभग 10000 मिड डे मील वर्कर्स का रोजगार छिन गया। सरकारी स्कूली व्यवस्था और उच्च शिक्षा के बजट को भी लगातार काम किया जा रहा है। अध्यापकों और प्रोफेसर की भर्ती भी नहीं की जा रही है। प्राइवेट स्कूली शिक्षण संस्थाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। मीटिंग में रीना सुनारिया, बाला, बुधराम, सरिता, केला, कुसुम, नीलम, सुदेश, राजपति, बिमला, कविता, सन्तोष, सुनीता और कांता आदि मौजूद रही।



**रोहतक।** तहसीलदार मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### तीन महीने से नहीं मिला मानदेय

यूनियन जिला प्रधान बबीता और सीटू जिला सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि हरियाणा में 29 हजार के करीब मिड डे मील वर्कर काम कर रही हैं। पिछले लगभग 3 महीने से मानदेय नहीं मिला है। इन्हीं मांगो को लेकर 16 फरवरी को परियोजना कर्मियों की देशव्यापी में हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की जाएगी।

### ये हैं मांगें

- मिड डे मील वर्करों का 3 महीने का बकाया मानदेय तुरंत दिया जाए।
- वर्कर्स का मानदेय 10 महीने की बजाय 12 महीने दिया जाए।
- मिड डे मील वर्कर्स रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष की जाए और रिटायरमेंट पर 200000 रुपये दिए जाएं।
- स्कूलों में स्वयं सहायता समूह बंद हों।
- वर्दी भत्ता 2000 रूपये सालाना किया जाए, वर्दी भत्ते के बकाए का भुगतान हो।
- मिड डे मील वर्कर्स का मेडिकल निशुल्क हो और वह साल में एक बार हो।
- काम के दौरान घायल होने पर इलाज व 50000 रुपये मुआवजा तथा मृत्यु होने पर 5 लाख रुपए मुआवजा मिले।
- सभी मिड डे मील वर्कर्स को पक्का कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और न्यूनतम वेतन 26000 रुपए किया जाए।




**रोहतक।** नशा छोड़ने को लेकर रैली निकालते हुए स्वयंसेवक ।

## विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली से नशा छोड़ने का आह्वान किया

- राजकीय महाविद्यालय सांपला में सात दिवसीय एनएसएस कैंप

**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय सांपला में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन रविवार को स्वयंसेवकों ने छोटू राम स्मारक के समीप योगाभ्यास किया । इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने नशा छोड़ने का आह्वान करते हुए रैली निकाली । दोपहर के सत्र में सभी सदस्यों ने श्रमदान किया व गांव गढ़ी सांपला में लोगों को सफाई के लिए प्रेरित किया। आज चौथे दिन शिविर में राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला से सविता एनएसएस प्रभारी ने सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व से अवगत करवाया व जन की सेवा करने के लिए प्रेरित किया । सायंकालीन सत्र में भाषण प्रतियोगिता की गई जिसका विषय था एचआईवी अवेयरनेस।

### साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताएं

शाम के सत्र में बुद्धदेव आर्य ने साइबर क्राइम पर व्याख्यान दिया व विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताएं । डॉ रामकुमार ने सभी विद्यार्थियों को सूचनाप्रद और अच्छे संदेश वाली कहानी सुना कर मेहनत करने के लिए जागृत किया वह वक्त की नब्ज को समझने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर दीपक लठवाल ने बताया की 30 जनवरी को राजकीय महाविद्यालय सांपला में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के दौरान रक्तदानों को हेलमेट गिफ्ट किए जाएंगे और उस शिविर के मुख्य अतिथि राजेश जैन, एमडी एलपीएस बोसार्ड होंगे ।